हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 फरवरी, 2025

11 ठेके के आसपास शराब पिलाई तो खैर नहीं...



12 श्री श्याम मंदिर शिलान्यास के उपलक्ष्य में निकाली निशान...



## खबर संक्षेप

### दुकान में गैस लीक होने से लगी आग, मचा हड़कंप

**फतेहाबाद।** रविदास चौक पर स्थित एक मिठाई की दुकान में मंगलवार को गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही आसपास के लोग घबराकर इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलने के करीब 20 मिनट बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन दुकान को कुछ नुकसान जरूर पहुंचा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, दुकान के अंदर रखे गैस सिलेंडर से अचानक गैस रिसाव हुआ, जिससे आग भड़क गई।

### डीसी ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं, 3 का समाधान

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जनता से सीधे रूप से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील होकर कार्य करें। सरकार के निर्देशानुसार जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। डीसी वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में

### लाखों रुपये की हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान सिरसा बस स्टेंड क्षेत्र से एक युवक को लाखों रुपये की 36 ग्राम 28 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान सिरसा बस स्टैंड मेन गेट के पास मौजूद थी। इसी दौरान बस स्टैंड में स्थित पानी की टंकी के पास से एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर तलाशी ली।

### 79.885 किलो डोडापोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव मोचीवाली क्षेत्र से 79 किलो 885 ग्राम डोडापोस्त बरामदगी मामले में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया बीती 29 नवंबर 2024 को सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान डिंग थाना क्षेत्र के गांव मोचीवाली से जोधकां की ओर जा रही थी। इसी दौरान सडक़ किनारे एक आल्टो गाड़ी खड़ी दिखाई दी। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर जब उक्त गाड़ी की तलाशी ली तो प्लास्टिक के चार गट्टों में भरा 79 किलो 885 ग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ।

## लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, रतिया में फतेहाबाद रोड पर ट्रैफिक हो सुचारू

# हाईवे पर बने अनाधिकृत होटलों को तुरंत बंद करवाया जाए : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त मनदीप कौर की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में सडक़ सुरक्षा और सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारी, सडक़ निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विशेष रूप से सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने और ब्लैक स्पॉट्स को दूर करने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त मनदीप कौर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे सडक़ निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में तय मानकों का सख्ती से पालन करें, ताकि यातायात सुगम और सुरक्षित बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सडक़ सुरक्षा को लेकर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि किसी विभाग द्वारा लापरवाही पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने नेशनल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अनाधिकृत रूप से बनाए गए होटलों को बंद करवाए। उन्होंने रतिया शहर में निर्माणाधीन सडक़ पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू करने के भी निर्देश दिए।इसके अतिरिक्त, बैठक में सुरक्षित स्कूल वाहन नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने शिक्षा और आरटीए विभाग को निर्देश दिए कि वे स्कूल वाहनों की नियमित जांच करें और सुनिश्चित करें कि वे सभी सुरक्षा मानकों का पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। बैठक के दौरान आरटीए संजय बिश्नोई ने सडक़ सुरक्षा को लेकर अपने प्रयासों की जानकारी दी और सुझाव दिया कि सडक़ पर ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। इसी क्रम में, सार्वजनिक स्थानों पर सडक़ सुरक्षा संबंधी जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे स्कूल वैनों की नियमित रूप से चैकिंग करें और मानदंड पूरा ना करने वाले स्कूल वाहनों पर सख्ती बरते। बैठक में एडीसी अनुराग ढालिया, एसडीएम राजेश कुमार, प्रतीक हुड्डा, सुरेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीएमसी संजय बिश्नोई, जिप सीईओ सुरेश कुमार, डीएसपी हरपाल सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह, एक्सईएन केसी कंबोज, देवेंद्र सिंह, संजीव सहारण, डीईटीसी आनंद, जीएम रोडवेज अजय दलाल आदि रहे।

- सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन



**फतेहाबाद।** सडक़ सुरक्षा और सुरक्षित स्कूल वाहन पालिसी बैठक की अध्यक्षता करती डीसी मनदीप कौर। फोटो : हरिभूमि

## सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा हुआ तो विभाग अधिकारी होगा जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट की प्रस्तुत

जिला उपायुक्त मनदीप कौर की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में जिला अधिकारियों की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपायुक्त मनदीप कौर ने विभाग की संपत्तियों की समीक्षा करते हुए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों की जमीनों पर से अवैध रूप से किए गए कब्जों को तुरंत हटवाए। विभाग की जमीन पर अगर कब्जा होता है तो संबंधित विभाग का अधिकारी जिम्मेदार होगा। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा होना गंभीर विषय है। इस पर विभाग संज्ञान लें और नियमानुसार कब्जा हटवाने की कार्रवाई अमल में लाए। अपनी संपत्ति का संरक्षण करना विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी बनती है।

### लंबित परियोजनाओं को पूरा करने के आदेश

बैठक में उपायुक्त मनदीप कौर ने सभी विभागीय अधिकारियों से उनके चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और उन्हें निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए विभागों को आपसी समन्वय बनाए रखना होगा और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करना होगा। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विशेष रूप से बुनियादी सुविधाओं, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, जल आपूर्ति और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इसके अलावा, उपायुक्त ने जन शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उपायुक्त ने संतोषजनक कार्य करने वाले अधिकारियों की सराहना की और अन्य अधिकारियों को भी उसी तरह प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# कंटेनर से भारी मात्रा में शराब बरामद, आरोपी फरार



फतेहाबाद। पुलिस द्वारा पकड़ा गया शराब से भरा कंटेनर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- 635 बोतल व 5568 पव्वे अंग्रेजी शराब के किए बरामद
- पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की जांच की शुरू

फतेहाबाद पुलिस ने नेशनल हाइवे पर नाकाबंदी के दौरान बंदबॉडी कंटेनर से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। कंटेनर चालक गाड़ी छोडक़र फरार हो गया। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि थाना शहर फतेहाबाद के अंतर्गत आने वाली हुडा पुलिस चौकी की टीम एचसी मनदीप के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान भूना रोड फ्लाइओवर के पास मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक बंद बॉडी कंटनेर में भारी मात्रा में शराब भरी हुई है और वह सिरसा से हिसार की तरफ जाने वाला है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने हिसार-सिरसा बाईपास पर नाकाबंदी करके वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर में पुलिस को सिरसा की तरफ से एक बंद बॉडी कंटनेर आते दिखाई दिया। आगे पुलिस की नाकाबंदी को देखकर चालक ने कंटेनर को कुछ ही दूरी पनर रोक लिया और कंटेनर वहीं छोडक़र अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने एक्साइज इंस्पैक्टर सुरेन्द्र कुमार की मौजूदगी में जब कंटेनर की तलाशी ली तो उसमें से अलग-अलग ब्रांड की 635 बोतल अंग्रेजी शराब व 5568 पव्वे अंग्रेजी शराब के बरामद हुए। इस पर पुलिस ने कंटेनर व शराब को कब्जे में लेकर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया और आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई तेजपाल का कहना है कि फरार आरोपी को जल्द काबू कर लिया जाएगा।

## हरियाणा की रेखा गुप्ता के दिल्ली का सीएम बनने पर भाजपाईयों ने मनाई खुशी

- जींद की रेखा गुप्ता ने आज मुख्यमंत्री पद की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

दिल्ली में हरियाणा के जींद की रेखा गुप्ता ने आज मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करते ही भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई। दिल्ली में भाजपा की पूर्णतः सरकार बनने पर तथा रेखा गुप्ता के सीएम बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दी। जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा ने कहा दिल्ली में भाजपा की आज विधिवत सरकार स्थापित हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जींद निवासी रेखा गुप्ता को दिल्ली का सीएम बनाकर साबित कर दिया है कि भाजपा में निष्ठा रखने वाला आम से आम कार्यकर्ता एक ना एक दिन बड़े पद पर आसीन होता ही है। भाजपा नेताओं ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने हरियाणा की बेटी को दिल्ली का सीएम बनाकर सराहनीय काम किया है। यह पल भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गौरवमयी है। भाजपा अपने हर कार्यकर्ता को पूरा मान सम्मान देती आई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का विकास अब भाजपा के हाथों में सुरक्षित है। दिल्ली में अब विकास कार्यों का नया कीर्तिमान स्थापित होगा। दिल्ली की भाजपा सरकार जल्द ही यमुना की सफाई करवाएगी। दिल्ली को जल्द ही स्वच्छ पर्यावरण का तोहफा मिलेगा। दिल्ली वासियों को स्वच्छ पानी, बिजली व सडक़ों की मूलभूत सुविधाएं दी जाएंगी। इस अवसर पर विकास शर्मा, मुलखराज चावला, शम्मी ढींगड़ा, जगदीप मोंगा, विक्की मराठी, रवि शर्मा, आर्यन ग्रोवर, रामकुमार मेहरा, रमेश दहिया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** रेखा गुप्ता के दिल्ली का सीएम बनने पर लड्डू बांटते भाजपाई।

## पीयुष नारंग ने सीएम को लिखा था पत्र, काम शुरू करवाने पर जताया आभार

# सिरसा रोड फिर से होगा जगमग, स्ट्रीट लाइटों को शुरू करवाने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लंबे समय से अंधेरे में डूबी शहर की सिरसा रोड एक बार फिर लाइटों से जगमगाने लगी है। नगरपरिषद द्वारा 5 साल से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को फिर से चालू करने का काम शुरू करवा दिया गया है। स्ट्रीट लाइटें शुरू होने से शहरवासियों को काफी राहत मिली है। बता दें कि शहर के युवा समाजसेवी पीयुष नारंग द्वारा पिछले काफी समय से इन स्ट्रीट लाइटों की मुरम्मत करवाकर चालू करवाने की मांग की जा रही थी। इसको लेकर पीयुष नारंग द्वारा स्थानीय अधिकारियों के अलावा मुख्यमंत्री को भी अनेक बार पत्र लिखे गए थे। पियुष नारंग ने बताया कि शहर के सिरसा रोड पर सेतिया पैलेस से पाली होटल तक पिछले 5 सालों से स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी है। पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा और नगरपरिषद के पूर्व प्रधान स्व. विरेन्द्र नारंग के कार्यकाल में शहर की सडक़ों को जगमग करते हुए इन स्ट्रीट लाइटों को लगवाया गया था लेकिन रखरखाव के अभाव में स्ट्रीट लाइटें खराब हो गई थी। इसके बाद शासन-प्रशासन ने इसकी कोई सुध नहीं ली। रात के समय सेतिया पैलेस से पाली होटल तक अंधेरा छाया रहता है। इस कारण न केवल वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं आपराधिक वारदातें होने का भी डर बना रहता है। सिरसा रोड पर अनेक औद्योगिक इकाईयां, होटल, स्कूल, पैलेस व ढाबे हैं, जिस कारण इस सडक़ पर लोगों की काफी आवाजाही रहती है। इस पर पियुष नारंग ने सीएम को पत्र लिखकर इन स्ट्रीट लाइटों की शुरू करवाने की मांग की थी। स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाने पर पियुष नारंग ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, जिला उपायुक्त, डीएमसी, नगरपरिषद के एमई, जेई, एक्सइन अमित कौशिक, ईओ राजेन्द्र सोनी, नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिंची, उपप्रधान सविता टुटेजा व हरीश मुंजाल का आभार जताया है।



**फतेहाबाद।** सिरसा रोड पर स्ट्रीट लाइटों की मुरम्मत का चल रहा काम।




रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चों, बालभूमि में ही हमने तुम्हें दुनिया के कुछ अनोखी डॉल्स म्यूजियम्स के बारे में बताया था। अब हम तुम्हें दुनिया के अलग-अलग देशों की मशहूर डॉल्स के बारे में बता रहे हैं। ये डॉल्स न सिर्फ अपने देश में प्रसिद्ध हैं, बल्कि पूरी दुनिया के बच्चे इन्हें खूब पसंद करते हैं।

# मन को लुभाती प्यारी-अनोखी डॉल्स



बच्चों, आज भले ही वीडियो गेम्स और अन्य तरह-तरह के गेम्स की वजहों से बच्चे गुड़ियों से कम खेलते हों, लेकिन जब भी उनकी नजर किसी प्यारी और अनोखी डॉल पर पड़ती है तो वे इसे पाने के लिए मचल उठते हैं। इसके साथ मजे से खेलते हैं।

## गुड़ियों की कैसे हुई शुरुआत

गुड़ियों को बनाने की शुरुआत सबसे पहले प्राचीन यूनान (अब ग्रीस) और मिस्र (अब इजिप्ट) में हुई। इसके बाद दुनिया के बहुत से देशों ने अपनी संस्कृति और समाज की परंपराओं, मान्यताओं, रीति-रिवाजों और आस्थाओं के आधार पर तरह-तरह की गुड़ियां बनानी शुरू कीं। आओ, जानते हैं दुनिया की कुछ मशहूर और अनोखी डॉल्स के बारे में-

## रूस की मैट्रियोश्का डॉल्स

इन डॉल्स को, नेस्टिंग डॉल या स्टेकिंग डॉल के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें पहली बार बनाने का श्रेय यूलिया बेरेजनित्स्काइया को जाता है। लकड़ी की बनी ये डॉल्स सिंगल नहीं, ग्रुप्स में होती हैं। इन्हें इस तरह बनाया जाता है कि एक के भीतर एक डॉल रखी जा सके। इन्हें खोलकर भीतर से एक से छोटी दूसरी, उससे छोटी तीसरी, इसी प्रकार कई डॉल्स निकाली जा सकती हैं। इस तरह गुड़ियों का एक छोटा-सा परिवार बन जाता है। इन डॉल्स की संख्या 3 से 10 तक होती है, एक के भीतर एक। एक मैट्रियोश्का में 51 गुड़ियों का विश्व रिकॉर्ड भी बन चुका है। इन डॉल्स को 'बाबुश्का' की तरह बनाया जाता है। बच्चों, 'बाबुश्का' शब्द का मतलब है 'बूढ़ी औरत' या 'दादी'। बेहद प्यारी दिखने वाली डॉल मैट्रियोश्का की पोशाक परंपरागत रूसी कृषक महिलाओं जैसी होती है।

## ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

ऐसा कहा जाता है कि अगर कोई इंसान चिंताओं से घिरा रहता है, तो वरी डॉल उसे राहत पहुंचाती है। ग्वाटेमाला की यह गुड़िया, घर में उपलब्ध सामग्रियों से बनाई जा सकती है। इसे अकसर रद्दी कपड़ों, पतली छड़ियों, सींक, तार, धागे आदि की सहायता से बनाया जाता है। इसे बनाने का कोई निश्चित तरीका नहीं है। कई अलग-अलग तरीके से विभिन्न आकार-प्रकार की 'वरी डॉल्स' बनाई जाती हैं। यह डॉल्स प्रायः बच्चों के लिए ही बनाई जाती हैं, ताकि वे रात में आराम से सो सकें। माना जाता है कि तकिए या बिस्तर के पास इस डॉल को रखने से बच्चों को परेशान करने वाली चिंताएं और बुरे सपने गुड़िया में चले जाते हैं, जिससे बच्चों को रात में अच्छी नींद आती है। असल में बच्चों को अपने साथ किसी के होने का एहसास होता है। स्वाभाविक सी बात है, इससे बच्चे अपने आपको सिक्योर फील करते हैं।



ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

## जापान की कोकेशी डॉल्स

आमतौर पर जापानी गुड़िया के नाम से जानी जाने वाली कॉकेशी डॉल्स ज्यादातर लंबी होती हैं।



इसके हाथ, पैर अलग से नहीं बनाए जाते। बस ऊपर गोल सिर होता है। जापान के अलग-अलग प्रांतों में बनने और मिलने वाली कोकेशी डॉल्स के चेहरे का आकार, डिजाइन और शैली प्रांत के कल्चर के हिसाब से अलग-अलग होती है। यहां स्त्री, पुरुष और बच्चों की आकृतियों वाले कोकेशी डॉल्स मिलते हैं।

## अफ्रीका की नब्देले डॉल्स

नब्देले या नेबेले डॉल का नाम दक्षिण अफ्रीकी जनजाति के छोटे कद के लोगों से लिया गया है। ये



गुड़िया रंग-बिरंगी होती हैं, इन पर मोतियों की कारीगरी भी की जाती है। नब्देले डॉल्स अलग-अलग शैलियों में बनाई जाती हैं। प्रत्येक का एक अलग अर्थ है। कुछ का उपयोग दूसरी दुनिया की शक्तियों से सुरक्षा के लिए किया जाता है। इनमें से कुछ ऐसी डॉल्स होती हैं, जो नई दुल्हन को उपहार स्वरूप दी जाती हैं। इन्हें एक शुभ शगुन के रूप में देखा जाता है। *

### बार्बीः सबसे पॉपुलर डॉल



बच्चों, तुम सब की चहेती बार्बी डॉल का निर्माण अमेरिका की बिजनेस वूमन रूथ हैंडलर ने 1959 में किया था। उनका यही उद्देश्य था कि छोटी बच्चियां, इन्हें देखकर अपने सुंदर भविष्य की कल्पना करें। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से इंस्पायर थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच पॉपुलर होने लगी। आज बार्बी दुनिया की सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल है।

आओ जानें / कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव

# सड़क के किनारे पेड़ क्यों लगाए जाते हैं?

बच्चों, जब तुम सड़क मार्ग से यात्रा करते हो, तो तुम्हें सड़क के दोनों किनारों पर पेड़ नजर आते होंगे। राजमार्ग यानी नेशनल हाईवे से यात्रा करने के दौरान सड़क के बीचों-बीच डिवाइडर पर भी विभिन्न प्रकार के छोटे पौधे लगे दिखते हैं। क्या तुम जानते हो, सड़क के किनारे या सड़क के बीचों-बीच इस तरह से पेड़ क्यों लगाए जाते हैं? जानो, इसकी खास वजह।



**वाहनों का शोर करते हैं कंट्रोलः** वाहनों के इंजन, हॉर्न की आवाजें सबको अप्रिय लगती हैं, ये ध्वनि प्रदूषण को बढ़ाती हैं। सड़क के किनारे या बीच में लगे पेड़, वाहनों की इस आवाज को अवशोषित कर लेते हैं। इस तरह शोर की मात्रा पर काफी कंट्रोल करते हैं। इसके अलावा वाहनों से निकलने वाले धुएं में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पेड़-पौधे, ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हमारा वातावरण शुद्ध होता है।

**कहलाते हैं ग्रीन मफलरः** ऐसे पेड़-पौधे, जो सड़क के किनारे या बीचों-बीच लगाए जाते हैं, उनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं। 'मफलर' का अर्थ है शोर को कम करना। दरअसल, ऑटोमोबाइल वाहनों में एक ऐसा यंत्र होता है, जो इंजन द्वारा उत्पन्न ध्वनि को कम करता है, उसे मफलर कहते हैं। अब चूंकि पेड़-पौधे भी वाहनों से निकलने वाली ध्वनियों को कम करते हैं, इसलिए इनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं।

**यात्रियों को मिलती है छाया-शीतलताः** सड़क के किनारे लगे पेड़, यात्रियों को छाया और शीतलता भी प्रदान करते हैं। सड़क के डिवाइडर के बीच में छोटे-छोटे पौधे लगाने का भी यही कारण है। रात को जब वाहन डिपर का प्रयोग करते हैं तो ये पेड़, प्रकाश का अवशोषण कर लेते हैं और सामने से आ रहे वाहन चालक की आंखों में पड़ने वाली चमक को भी हल्का कर देते हैं। इसके अलावा खास बात यह है कि हरा रंग, हमारी आंखों को आराम देता है। इस वजह से हरियाली के कारण सड़क यात्रा के दौरान चालक और यात्रियों की थकावट कम हो जाती है और उनको आराम मिलता है। पेड़-पौधों की हरियाली से सड़कें खूबसूरत दिखती हैं। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## खेलें छुपन-छुपाई



गोल है सूरज, चंदा गोल
एक-दूजे के बने विलोम।
भेदभाव पर कभी न करते
धरा के ये साथी अनमोल।
घमंड कभी सूरज न करता
रोशन सारे जग को करता।
धरती के मस्तक को जैसे
हर संध्या टीका है करता।
चंदा भी विनम्र बड़ा है,
पहरे पर हर रात खड़ा है।
जितनी भी दे सूर्य रोशनी
खुशी-खुशी से घटा-बढ़ा है।
चंदा-सूरज, हैं परछाई
नहीं, न करते कभी लड़ाई।
रात और दिन बांटे ऐसे,
जैसे खेलें छुपन-छुपाई।

तुम्हारे लिए नई किताब

# मीठी-मीठी सात कहानियां

बच्चों, कुछ समय पहले ही कहानियों की एक नई किताब 'कार्टून फिल्म का कमाल' छपकर आई है। इसमें कुल सात कहानियां हैं। सातों कहानियां बहुत मीठी-मीठी हैं। मीठी इसलिए क्योंकि ये मनोरंजन तो करती ही हैं, सीख भी देती हैं। 'अनूठी दोस्ती' क्रिकेट खेलने के शौकीन बच्चे अग्रिम की कहानी है, जिसे किताबें पढ़ना अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर अग्रिम की दीदी कैसे किताबों से उसकी दोस्ती करवा देती है, यह इस कहानी में पढ़ सकते हो। कुछ इसी तरह पढ़ने और किताबों के महत्व को बताती है, संकलन की आखिरी कहानी 'दीदी की कविता।' 'कार्टून फिल्म का कमाल' एक ही क्लास में पढ़ने वाले अनंत और संवेदन की कहानी है, जो दौड़ प्रतियोगिता में फर्स्ट आने के लिए गलत तरीका अपनाने की सोचते हैं। फिर कैसे एक कार्टून फिल्म देखकर संवेदन और उसके दोस्तों का मन बदलता है, इसे बहुत सरल ढंग से इस कहानी में बताया गया है। 'फर्स्ट आने का सीक्रेट' कहानी में तुम पढ़ सकते हो कि एग्जाम में अच्छे मार्क्स लाने के लिए हैंड राइटिंग का अच्छा होना कितना जरूरी है! फास्ट फूड खाने से क्या परेशानियां हो सकती हैं, इसे तुम 'सुधर गया अंकित' कहानी में पढ़ सकते हो। 'अलादीन का चिराग' नन्ही गुनगुन की कहानी है, जो बहुत अनोखे ढंग से अपने मम्मी-पापा की आपसी नाराजगी को दूर कर देती है। 'शैतानी का पिटारा' नटखट नीशु और उसके छोटे भाई ईशु की कहानी है। नीशु अपने भाई को प्यार तो बहुत करता है लेकिन उसे परेशान भी करता है। कैसे उसकी यह आदत छूटती है, इसे जानने के लिए तुम्हें यह कहानी पढ़नी होगी। *




-विज्ञान भूषण

**किताबः** कार्टून फिल्म का कमाल, **लेखिकाः** आरती 'आस्था'
**मूल्यः** 149 रुपए, **प्रकाशकः** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

## जीके क्विज-142

1. हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ चार हजार रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी कौन बने हैं?
2. पिछले दिनों राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता?
3. दिल्ली की नई मुख्यमंत्री कौन बनी हैं?
4. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किस अधिनियम को 'काला बिल' कहा गया?
5. अपने देश में वर्ष का सबसे छोटा दिन कब होता है?
6. 'मालगुडी डेज' पुस्तक के राइटर कौन हैं?
7. रिकेट्स नामक रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
8. सूर्य में कौन-सी गैस सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है?
9. हीटर का तार किस मिश्र धातु का बना होता है?
10. भारत द्वारा प्रक्षेपित पहले कृत्रिम उपग्रह का क्या नाम था?



**बच्चों, जीके क्विज-142 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**


**जीके क्विज-141 का उत्तर :** 1.भारतीय जनता पार्टी, 2.रवींद्र जडेजा, 3.अर्जेंटीना, 4.बृहस्पति, 5.वर्द्धमान, 6.राजेंद्र प्रसाद, 7.हरा, 8.एंटोनी वॉन ल्यूवेनहॉक, 9.सिक्किम, 10.जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-141 का सही उत्तर देने वाले :** मनीष-रायपुर, कबीर-हिसार, ज्योति-रायगढ़, मान्या-दिल्ली, रोहित-हिसार, अंजना-बिलासपुर, साकेत-महासमुंद, सृष्टि-बलोद, नवीन-दुर्ग, पीयूष-बलौदा बाजार, अंकित-रोहतक

कहानी
सिराज अहमद

घोड़े को यह बात जरा भी रास नहीं आई कि वह जहां घास चरता है, वहीं पर भैंस भी घास खाए। उसने भैंस के सामने अपनी शक्ति प्रदर्शित करनी चाही, लेकिन भैंस ने जो कर दिखाया, घोड़ा देखता रह गया। ऐसा क्या करिश्मा किया भैंस ने जो घोड़े की शक्ति फिस्स हो गई?

# घोड़ा और भैंस



जहां घोड़ा घास चरता था, आज वहां पर एक भैंस भी आ गई थी। यह देखकर घोड़ा तमतमा उठा। वह सोच रहा था कि जिस मैदान पर उसका एकछत्र राज हुआ करता था, उस पर अब इस भैंस की भी हिस्सेदारी होगी। गुस्से में घोड़े के नथुने फूल उठे। सिर गरम होने लगा। टप–टप, टप–टप चलता हुआ, भैंस के पास पहुंचकर उसने कड़क आवाज में पूछा, 'तुम यहां कैसे?'

भैंस के गले में घंटी बंधी थी। जैसे ही उसने सिर उठाया, घंटी बज उठी। घोड़े को देखकर उसे कोई आश्चर्य नहीं हुआ। उसने एक नजर घोड़े पर डाली, फिर घास चरने लगी। घास चरते हुए ही भैंस बोली, 'तुम्हारे ही मालिक ने मुझे भी खरीदा है। कल ही तो वो मुझे बाजार से लेकर आए हैं। अब मैं भी तुम्हारे साथ यह जगह साझा करूंगी।'

यह सुनकर घोड़े को थोड़ी हैरत जरूर हुई। लेकिन वह उससे क्या कहे, इस सोच में पड़ गया। अपने मालिक पर भी उसे गुस्सा आ रहा था। जब उसे कुछ समझ न आया तो वह भारी आवाज में भैंस से बोला, 'दो-दो लात कर लो, जो जीता वह यहां रहेगा।' घोड़े को पता था कि उसकी लात के आगे भैंस टिक नहीं पाएगी। पहले तो भैंस ने उसकी बातों में कोई दिलचस्पी न ली, लेकिन जब यह देखा कि वह अभी वहीं खड़ा है तो उसने अपना सिर उठाया। गले की घंटी बज उठी। इत्मीनान से उसने घोड़े को देखा। फिर ठहरकर बोली, 'दो-दो सींग करो, जो जीता वह यहां रहेगा।' भैंस की बात सुनकर घोड़ा सकते में आ गया, क्योंकि घोड़े के तो सींग ही नहीं होती। कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया। घोड़ा और भैंस एक-दूसरे को देखते रहे।

तभी वहां पर एक काला सांप आ गया। वह फन फैलाकर फुफकार रहा था। घोड़े को देखकर बोला, 'मैं दो-दो दांत करूंगा। कल मैं तुम्हारे पैरों से कुचलते-कुचलते बच गया था, अब देखो तुम मेरी ताकत।'

सांप तेजी से रेंगता हुआ घोड़े के पैरों की तरफ लपका ही था, तभी भैंस ने अपनी सींग से उसे उठाकर हवा में उछाल दिया, बहुत दूर। भैंस के गले में पड़ी घंटी जोर से बज उठी और देर तक बजती रही।


घोड़े का दिल जोर-जोर से धड़क रहा था। थोड़ी दूर तक तो सांप हवा में दिखा फिर सबकी आंखों से ओझल हो गया। घोड़ा वहां खड़ा सोचता रह गया कि आखिर भैंस ने उसे बचाया क्यों?

उधर भैंस हरी-हरी घास चरने में फिर से मस्त हो गई। दो-दो लात और दो-दो सींग की बात भी उसी सांप के साथ चली गई थी। *

कहानी
अशोक वाधवाणी

मंदिर के बाहर जब सुभाष को अपनी चप्पल नहीं मिली तो उसने किसी दूसरे व्यक्ति की चप्पल पहन कर जाने की सोची, लेकिन उसके दोस्त आलोक ने रोका, बोला कि वह ऐसा ना करे, यह तो चोरी है। क्या सुभाष ने अपने दोस्त की बात मानी, क्या उसकी खोई चप्पल मिली?

# सही-गलत



सुभाष अपने दोस्त आलोक के साथ मंदिर में भगवान के दर्शन करके जब बाहर आया तो सीढ़ियों के पास रखी उसकी चप्पल गायब थी। सुभाष ने देखा उसकी चप्पल की जगह उसी तरह की डिजाइन और सेम साइज वाली दूसरी चप्पल पड़ी थी, सिर्फ उस चप्पल का कलर अलग था। सुभाष गुस्से से बोला, 'पता नहीं किसने मेरी चप्पल चुरा ली?'

सुभाष की बात सुनकर आलोक तुरंत बोला, 'मैंने तुमसे पहले ही कहा था कि चप्पल स्टैंड पर चप्पल रखते हैं। मैंने तो रखी लेकिन तुमने दो रुपए बचाने के चक्कर में मेरी बात नहीं मानी।'

'यार, जब देखो तब तुम मेरी खिंचाई ही करते रहते हो। यह अच्छी बात नहीं है।' सुभाष खीझे स्वर में बोला।

'तुम गलत बोल रहे हो। मैं हमेशा तुम्हारे हित के लिए ही बोलता हूं।' आलोक बोला।

आलोक की बात अनसुनी करते हुए सुभाष ने अपना इरादा बताया, 'छोड़ो यार! यहां रखी चप्पल को पहन कर अब चलता हूं।'

आलोक ने सुभाष को रोका, 'ऐसा ना करो। थोड़ी देर प्रतीक्षा करते हैं। हो सकता है कोई हड़बड़ी में तुम्हारी चप्पल पहन कर चला गया हो और बदलने के लिए कुछ देर में लौट आए।'

'आलोक हर काम के लिए तुम्हारी रोक-टोक मुझे पसंद नहीं। मेरी बात मानना तुम सही नहीं समझते हो। आखिर तुम मेरे मित्र हो या शत्रु?' सुभाष के स्वर में नाराजगी थी।

आलोक ने अपने दोस्त सुभाष को फिर से समझाने की कोशिश की। उसने प्यार से समझाते हुए कहा, 'मैं तुम्हारा दोस्त हूं, शुभचिंतक हूं, इसलिए तुम्हें गलत काम करने से टोकता हूं। चलो, थोड़ी देर के लिए मान लेते हैं कि तुम्हारी चप्पल चोरी हो गई है। लेकिन उसके बदले में किसी और की चप्पल पहन कर चल देना, चोरी ही कहलाएगी।'

आलोक की इस बात के आगे सुभाष के पास कोई जवाब नहीं था। वह मन मारकर चप्पल ले जाने वाले की प्रतीक्षा करने लगा। थोड़ी देर बाद सुभाष ने देखा, एक नौजवान उसकी चप्पल पहने तेज कदमों से मंदिर की ओर आ रहा है। वहां रखी अपनी चप्पल पहचान कर खुश हुआ। वह सुभाष की चप्पल छोड़कर, अपनी चप्पल पहन कर चला गया।

आलोक ने मुस्कुराते हुए सुभाष की ओर देखा। उसके चेहरे पर शर्मिंदगी के भाव थे। *


## रंग भरो-169

**रंग भरो-169** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



दिशांत, महेंद्रगढ़



सानवी, रायपुर



प्रगति, बिलासपुर



चहक, ईमेल से



सौम्य, बालोद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

तेजस-रायपुर, वसनि-रायपुर, अंकित-दुर्ग, पूजा-महासमुंद, दीपक-मटियारी, कुशल-रोहतक, दीपा-गुना, छवि-करनाल, साकेत-बलौदा बाजार, कनिष्क-धमतरी, काव्या-बालोद, देवेन-भोपाल, राजन-दिल्ली, दिव्या-राजनांदगांव, कल्पित-बालोद

## रंग भरो 170

बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा ट्वॉय कार से खेल रहा है। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप



### बाल वाटिका स्कूल में कक्षा 12 को दी विदाई

**फतेहाबाद।** हिसार रोड स्थित बाल वाटिका पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की परंपरा के अनुसार, उन्हें मोमेंटो प्रदान कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। विदाई समारोह में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को यादगार बना दिया। स्कूल के निदेशक राजन मेहतानी और समस्त शिक्षकगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या रोजी मेहतानी ने विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र देते हुए जीवन में आगे बढने की प्रेरणा दी।

### मनजिंद्र सिंह के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे परिजन

**सिरसा।** दिल्ली चुनाव में मनजिंद्र सिंह सिरसा को जीत मिलने के बाद वीरवार को मंत्री बनाया गया है। मंत्री बनने के बाद मनजिंद्र सिंह सिरसा के पैतृक गांव बाजेकां में जश्न का माहौल रहा। गांव से सरपंच से लेकर परिवार के लोग दिल्ली में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे। ग्रामीणों के अनुसार मनजिंद्र सिंह सिरसा एक सुलझे हुए राजनीतिज्ञ के साथ-साथ समाजसेवी इंसान हैं। दिल्ली चुनाव में राजौरी गार्डन से विधानसभा चुनाव में मनजिंद्र सिंह ने 18 हजार से ज्यादा वोटों से विजय हासिल की थी। बता दें कि मनजिंद्र सिंह सिरसा का अपने पैतृक गांव से बेहद लगाव रहता है। गांव के विकास में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है।

### बिना लाइसेंस चल रहा था ईंट-भटटा, केस दर्ज

**सिरसा।** जिला के गांव मेहनाखेड़ा में बिना लाइसेंस चलाए जा रहे ईंट-भ_े के संचालक के खिलाफ पुलिस ने सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी ऐलनाबाद की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी जगतपाल ने बताया कि गांव मेहनाखेड़ा में स्थित मैसर्ज बजरंग ब्रिक्स इंडस्ट्रीज का बीती 11 दिसंबर 2024 को निरीक्षण किया गया था।

### सक्षम ने नेशनल तीरंदाजी में जीता कांस्य पदक

**सिरसा।** बोलपुर पश्चिम बंगाल में आयोजित 44वीं जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में सेंट कबीर विद्यालय सिरसा के कक्षा सातवीं के छात्र सक्षम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए खिलाडियों ने भाग लिया। सक्षम की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्या नीरू महतानी और विद्यालय प्रबंधक विजय सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि सक्षम की इस सफलता से विद्यालय और राज्य का गौरव बढ़ा है।

### महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर किया हवन

**हांसी।** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में वृहस्पतिवार को स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन-यज्ञ आयोजन का उद्देश्य स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन और दर्शन को याद करना और उनके संदेश को लोगों तक पहुंचाना था।

### शराब ठेकेदारों की ली बैठक, विशेष सावधानी बरतने से दिए निर्देश

# ठेके के आसपास शराब पिलाई तो खैर नहीं एल्को सेंसर से किया जाएगा चालानः एसपी

- ठेका परिसर में हाई रेजोल्यूशन के कैमरे लगवाने के भी आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



सिरसा। शराब ठेकेदारों की बैठक लेते एसपी सिद्धांत जैन। फोटो :हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने आज अपने कार्यालय में शराब ठेकेदारों की बैठक लेकर सुरक्षा की दृष्टि से विशेष सावधानी बरतने संबंधी सख्त दिशा-निर्देश दिए। शराब ठेकेदारों की बैठक में उन्हें अपने परिसर में अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा गार्ड रखने की हिदायत दी गई। बैठक में शराब और नगदी रख-रखाव के बारे में भी विशेष सावधानी तथा उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए, ताकि भविष्य में कोई आपराधिक घटना न घटित हो। उन्होंने इस बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की जान व माल की सुरक्षा करना पुलिस का परम दायित्व है, परंतु अगर कई बातों पर सावधानीपूर्वक अमल किया जाए तो किसी भी आपराधिक वारदात की घटना को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास पुलिस गश्त को बढ़ाया गया है, तथा पुलिस की पीसीआर व राइडर 24 घंटे लगातार गश्त करेंगे। बैठक के दौरान शराब ठेकेदारों को हिदायत दी गई कि वे अपने ठेका परिसर में हाई रेजोल्यूशन के कैमरे लगवाएं, जिनमें डाटा कम से कम 90 दिन तक संग्रहित हो सके। कैमरे की डीवीआर को किसी सुरक्षित स्थान पर रखें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना के समय अपराधी डीवीआर को उखाडक़र न ले जा सकें। उन्होंने शराब ठेकेदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपने ठेका परिसर या उसके आसपास किसी भी व्यक्ति को शराब न पीने दें। अगर कोई भी व्यक्ति ऐसे सार्वजनिक स्थान पर शराब पीता हुआ पाया गया तो उसकी एल्को सेंसर से जांच करके कार्यवाही की जाएगी। अगर उनके परिसर के आसपास कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते हुए उचित कार्रवाई की जा सके। बैठक में मौजूद सभी शराब ठेकेदारों ने पुलिस प्रशासन को विश्वास दिलाया कि वे इस दिशा में पूरी सावधानी और सतर्कता बरतेंगे तथा सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग करेंगे। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन के साथ प्रभारी सुरक्षा शाखा उप नि. सुभाष चंद्र, डबवाली व कालांवाली के शराब ठेकेदार मौजूद रहे।



सिरसा। विधायक आदित्य चौटाला को किसान ज्ञापन सौंपते हुए।

## एसकेएम ने आदित्य चौटाला को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा ने नई कृषि बाजार नीति के विरोध में विधायक आदित्य चौटाला को उनके आवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और उनसे हरियाणा के किसानों के हित में इस नीति का विरोध करने की अपील की। संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं ने बताया कि बीती 15 फरवरी को मोर्चा की नरवाना में हुई बैठक में कृषि बाजार नीति के विरोध में मुख्यमंत्री और बोर्ड के चेयरमैन को ज्ञापन देने का निर्णय किया गया था। किसान नेताओं ने कहा कि जिन तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसान आंदोलन हुआ था, उन्हीं प्रावधानों को लागू करने के लिए नई कृषि बाजार नीति का ड्राफ्ट बीती 25 नवंबर 2024 को जारी कर दिया गया, जिसमें प्राइवेट, ऑनलाइन ई नाम मंडियों को स्थापित करने की जोरदार सिफारिश है। ये नीति कॉन्ट्रैक्ट फॉर्मिंग को लागू करने की बात करता है, जिससे छोटे व मंझौले किसान उजड़ जाएंगे यह ड्राफ्ट निजी कंपनियों को थोक में खरीद और थोक में भंडारण की इजाजत देता है। इस ड्राफ्ट में जीएसटी की तर्ज पर ही राज्यों के कृषि मंत्रियों की एक राष्ट्रीय कमेटी गठित करने का प्रस्ताव है।

## अवैध कनेक्शन को लेकर जन स्वास्थ्य विभाग एक्शन मोड में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



रतिया। पानी के अवैध कनैक्शनों को कटवाते अधिकारी।

जिले में अवैध कनेक्शन को लेकर जन स्वास्थ्य विभाग अभियांत्रिकी विभाग एक्शन मोड में आ गया है। इसको लेकर वीरवार को जिले के शहर रतिया की टिब्बा कॉलोनी व ग्राम पंचायत खुम्बर में खाली प्लाटों में सब्जी बिजाई के लिए लगाए गए अवैध कनेक्शन को विभाग की टीमों ने विशेष अभियान चलाते हुए काट दिया। जनस्वास्थ्य विभाग के जिला सलाहकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि अवैध कनेक्शन को लेकर जन स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर अभियान चलता रहता है। इसको लेकर आज रतिया की टिब्बा कॉलोनी में खाली प्लाटो में सब्जी बीज रहे अवैध कनेक्शन को काटा गया है। उन्होंने कहा कि पीने योग्य पानी को सब्जी या किसी अन्य फसल में बर्बाद नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर भर में यह अभियान लगातार जारी रहेगा और खाली प्लाटों में अवैध कनेक्शन कर जो लोग सब्जियां लगा रहे हैं, उनके कनेक्शन जल्द से जल्द काटे जाएंगे। उन्होंने बताया कि रतिया शहर में जल चौपाल लगाकर लोगों को पानी बचाने व अवैध कनेक्शन न लगाने को लेकर जागरूक किया गया था, जिसके अंतर्गत अब जन स्वास्थ्य विभाग खाली प्लाटों में पीने योग्य पानी सब्जियों व अन्य फसल में लगा रहे हैं, उनके सभी अवैध कनेक्शन को काटा जाएगा।

### ठगी का आरोपी काबू, नकदी बरामद

**डबवाली।** डबवाली पुलिस ने फोन पर फर्जी मैसेज भेज कर राशि अपने खाते में डलवाने के मामले में आरोपी गुरप्रीत राम पुत्र धर्मपाल निवासी बोदीवाला खरक सिंह मुक्तसर पंजाब को काबू कर 30,000 रुपए की नकद राशि बरामद की है। सदर थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रह्म प्रकाश ने बताया कि सतनाम सिंह पुत्र मुंशी सिंह निवासी गांव सकता खेड़ा की शिकायत पर कि उसके फोन पर एक मेसेज आया कि उसके खाते में पहले 50 रुपए व 49450 रुपए प्राप्त हुए हैं। फिर एक काल आई कि वह डॉक्टर बोल रहा है और ये रुपए उसने भेजे हैं जो किसी से लेने थे। जो आप ये राशि उसके नंबर पर गूगल-पे कर दो। जो मैसेज पर विश्वास करके उसने आरोपी के खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए। लेकिन जब उसने खाते को चेक किया तो कोई राशि प्राप्त नहीं हुई थी। जिस पर थाना सदर में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## छात्राओं ने प्रशासनिक अनुभवों को किया सांझा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

राजकीय महिला महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस कमेटी की प्रभारी डॉ. प्रीत कौर के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ए.डी.सी ऑफिस के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा ली गई दो दिवसीय शिविर के दौरान अनुभवों को सांझा किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. विक्रमजीत सिंह, सहायक प्रोफेसर मुकेश कुमार, अध्यापिका किरणबाला व अंतु की उपस्थिति में करवाया गया। कार्यक्रम में पूनम, सिमरन, चारुल, रेखा, चेष्टा, रिया, अंजलि व लविशा ने अपने अनुभवों को सांझा किया। छात्राओं द्वारा डीसी ऑफिस में हुए कार्यक्रम, ई दिशा केंद्र की जानकारी, स्कूल में भ्रमण, औद्योगिक क्षेत्र में किए गए भ्रमण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी और साफ सफाई के बारे में अपने विचारों को सांझा किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने सांझा किए गए अनुभवों द्वारा ज्ञान अर्जित किया और इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों और छात्राओं ने अपने उपस्थिति दर्ज कराई।

## छात्राओं ने लिया आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनाने का प्रशिक्षण

- राजकीय महिला कॉलेज में वर्कशॉप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। कार्यशाला में ट्रेनर रिया सिसोदिया छात्राओं को आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनाना सिखाते हुए।

राजकीय महिला महविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की ओर से दो दिवसीय आर्टिफिशियल ज्वेलरी वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में रिया सिसोदिया ने ट्रेनर के रूप में भाग लिया, जिन्होंने विभिन्न प्रकार की आर्टिफिशियल ज्वेलरी बनानी सिखाई। इस कार्यशाला में छात्राओं ने रानी हार, कानों की तरह-तरह की बालियां, अनुपयोगी वस्तुओं के झुमके, मंगलसूत्र, पायल, अंगूठी, हाथों के कंगन तथा ब्रेसलेट आदि बनाने सीखे। डॉ. प्रीत कौर ने कहा कि भविष्य में आगे भी इस तरह की अलग-अलग कार्यशालाएं लगाई जाएंगी जिसमें से छात्राएं गुण सीखकर अपने परिवार की आर्थिक मदद कर सकती हैं। प्राचार्य रामकुमार जांगड़ा ने कहा कि उन्हें पूर्णतया विश्वास है कि यह दो दिवसीय कार्यशाला छात्राओं के लिए कारगर साबित होगी और छात्राएं भविष्य में इसका लाभ जरूर उठाएंगी। इस मौके पर विभिन्न छात्राओं ने कार्यशाला की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घर में जाकर यह काम सुचारू रूप से करने की कोशिश करेंगे ताकि पढ़ाई के साथ-साथ हम अपने घरवालों की थोड़ी मदद कर सकें। कार्यशाला के अंत में संयोजक डॉ. प्रीत कौर द्वारा सभी छात्राओं व स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों के साथ-साथ काफी संख्या में छात्राओं ने अपने उपस्थिति दर्ज करवाई।

## विद्यापीठ में 19वीं वार्षिक खेलकूद स्पर्धा आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जननायक चौधरी देवीलाल विद्यापीठ में 19वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 21 व 22 फरवरी को किया जाएगा। विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि विद्यापीठ में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 19वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में उद्घाटन समारोह के मुख्यातिथि कुश्ती खिलाड़ी एवं अर्जुन अवॉर्डी अशोक गर्ग व प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्यातिथि मुक्केबाज एवं अर्जुन अवॉर्डी राजकुमार सांगवान होंगे। समन्वयक डॉ. हरलीन कौर ने बताया कि इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता की अध्यक्षता जेसीडी विद्यापीठ के चेयरमैन एवं रानियां के विधायक अर्जुन सिंह चौटाला और विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. जयप्रकाश द्वारा की जाएगी। खेलकूद प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए अनेक कमेटियों का गठन किया गया है जिन्होंने तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता विद्यापीठ के खेल अधिकारी डॉ. अमरिक गिल की देखरेख में करवाई जाएगी।

### सेंट कबीर विद्यालय में हुआ ग्रैंड पेरेंट्स डे

**सिरसा।** सेंट कबीर विद्यालय में ग्रैंड पेरेंट्स डे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें प्री प्राइमरी के बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न ऋतुओं और उनकी महत्ता को लेकर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की।

इसके अलावा, छात्रों ने देश के विभिन्न प्रांतों की झांकियां और नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे विविधता में एकता का अद्भुत नजारा देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों ने हम रहें या न रहें देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर देशप्रेम की भावना को प्रबल बनाए रखा। विद्यालय की निदेशक नेहा सिंह ने सभी दादा-दादी का विद्यालय में आने के लिए आभार व्यक्त किया और उनके सान्निध्य को जीवन का आधार बताया।

## दो अलग-अलग जगहों से करीब 21 किलोग्राम डोडापोस्त सहित चार काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली



डोडापोस्त के साथ पकड़े गए आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

सीआईए कालांवाली पुलिस ने गश्त के दौरान दो अलग-अलग मामलों में गांव पक्का शहीदा से बाइक सवार एक युवक व एक किशोर को 10 किलो 700 ग्राम डोडापोस्त व बाइक सवार दो युवकों को 10 किलो 236 ग्राम डोडापोस्त सहित काबू किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि एसआई कुलबीर सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान भाखडा नहर पुल गांव पक्का शहीदां पर मौजूद थे। इस दौरान गांव पक्का शहीदां की ओर से एक बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए। जो पुलिस पार्टी को देखकर वापस मुडऩे लगे तो पुलिस ने शक के आधार पर दोनों दोनों को बाइक सहित काबू करके तलाशी ली तो उनके कब्जा से 10 किलो 700 ग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान वकील पुत्र कन्नीराम व एक किशोर निवासी कुरंगावाली थाना रोड़ी जिला सिरसा के रुप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना कालांवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कार्यवाही की गई है।

**कार्यक्रम** पर्यावरण संरक्षण की पहल : एमपी रोही के राजकीय विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित

# 100 पौधे लगाकर दी 12वीं कक्षा को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव एमपी रोही में विदाई समारोह के दौरान पौधारोपण करती छात्राएं, साथ हैं प्राचार्य भगवान दत्त। फोटो :हरिभूमि

गांव मोहम्मदपुर रोही स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बड़े उत्साह, उमंग व सार्थक तरीके से बारहवी कक्षा की विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस विदाई समारोह को अविस्मरणीय व सार्थक तब बनाया गया, जब इस मौके कक्षा 11वीं व 12वीं की सभी छात्राओं ने अपने हाथ से विद्यालय प्रांगण में एक-एक पौधा लगाया। नीम, बड, पीपल, फाइकस, पाम, कदम के पौधे करीब 6-6, 7-7 फुट बड़े थे। पौधारोपण के बाद कक्षा 11वीं तथा इको क्लब की 50 छात्राओं को इनका संरक्षण करने यानि पानी देने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। एक-एक पौधा स्टॉफ सदस्यों को गोद दिया गया। पौधारोपण की शुरुआत प्राचार्य व शिक्षाविद भगवाद दत्त ने फाइकस का पौधा लगाकर की।प्राचार्य भगवान दत्त ने कहा कि 12वीं कक्षा की छात्राओं की विदाई को यादगार, अनुकरणीय व सार्थक बनाने के लिए उनके हाथों से पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण, हरा-भरा व स्वच्छ प्रागंण बनाना एक बेहतरीन कदम है। जब यह पौधे बड़े पेड़ों में परिवर्तित होंगे तो इन बच्चों को अपने पर गर्व महसूस होगा। भविष्य में भी ये बच्चे प्रकृति संरक्षक बन सकते हैं। इस मौके पर विषेश रूप से आमंत्रित वरिष्ठ साहित्यकार व प्रकृति प्रेमी डॉ. ओमप्रकाश कादयान ने इस अभियान को आवश्यक व प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर स्टाफ सदस्या दीपिका सेठी, कमलेश रानी, सुनीता रानी, शशिबाला, इन्दू भारती, मंजू अरोड़ा, संजय ग्रोवर, मेवा सिंह, रणवीर सिंह, अजय पाल, धर्मवीर सिंह, रमेश शास्त्री, डीपीई अशोक कुमार, दिलबाग सिंह, इन्दूबाला, वीना रानी, सुजाता रानी, अनिता रानी, अमित कुमार, सुरेन्द्र सिंह व समाजसेवी हनुमान गोदारा ने भी पौधारोपण किया। डीपीई अशोक कुमार ने पौधारोपण में विशेष भूमिका निभाई। पौधारोपण अभियान के बाद कक्षा 12वीं की विदाई समारोह धूमधाम से आयोजित की गई। ,

## त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा



महर्षि दयानंद सरस्वती गौशाला नाथूसरी कलां में वीरवार को ओम शांति भवन नाथुसरी चोपटा के तत्वावधान में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया।महोत्सव में शिव ध्वजारोहण किया गया और हर परिस्थिति में शांति बनाए रखने की शपथ दिलवाई गई। इसके साथ ही शिवरात्रि आध्यात्मिक महत्व, आध्यात्मिक गीत, ईश्वर्य अनुभूति आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच रीटा कासनियां, सिरसा से राजयोगिनी बीके बिंदु दीदी, बीके मीरा, बीके शारदा, पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सहू, एसआई अशोक कुमार, गौशाला प्रधान हरि सिंह कासनियां ने विशेष तौर शिरकत की। ब्रह्मा कुमारीज द्वारा गौशाला प्रांगण में आयोजित त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव में राजयोगिनी बीके बिंदु बहन ने कहा कि हमें जीवन में शांति बनाए रखने का व्रत रखना चाहिए। हर हाल में शांत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौ माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास माना जाता है। गायों की सेवा करनी चाहिए। बीके मीरा ने कहा कि हमें भगवान ने धरती पर किसलिए भेजा है इसका चिंतन करना चाहिए। हमें भगवान ने धरती पर इसलिए भेजा है कि हमें श्रेष्ठ कर्म करके जीवन को सफल बनाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### चोरी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना में आटा चक्की में चोरी कर भाग रहे दो युवकों को दुकानदार ने मौके पर काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए युवकों की पहचान आदेश कुमार पुत्र अमर सिंह निवासी करण्डी व जग्गी सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी रूपांवाली के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 19 फरवरी को गांव इंदाछोई निवासी शंकर लाल की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### टोहाना में किसान का मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने टोहाना क्षेत्र से एक किसान का मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे सदर टोहाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव समैण निवासी छिनकू ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर खेत में गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को हिसार रोड पर रजवाहे के पास अपने खेत के बाहर मोटरसाइकिल को खड़ा किया और खेत में काम करने लग गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो बाइक गायब मिली।

### चोरी मामले में एक युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने दुकान से नकदी चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान अजय कुमार उर्फ मॉडल पुत्र राजकुमार निवासी किला मोहल्ला टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी एसआई देवीलाल ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 25 नवंबर 2024 को बाजीगर मोहल्ला टोहाना निवासी हरीश कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार रात को वह अपनी दुकान को बंद करके घर चला गया था।

### हुड़दंगबाजी करते चार युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** थाना शहर की दो अलग-अलग पुलिस टीमों ने रानियां रोड सिरसा व मेन बाजार सिरसा क्षेत्रों से चार लोगों को गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी सत्यवान ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान डबवाली बाईपास फाटक से होते हुए जीएच चौक सिरसा की ओर जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी जब राधे धर्मकांटा के पास पहुंची। धर्मकांटा के सामने सडक़ पर दो लडक़े आपस में गुथमगुथा होकर एक दूसरे के साथ लड़ाई-झगड़ा कर तथा गाली-गलौज कर आमजन की शांति भंग कर रहे थे। पुलिस पार्टी ने उक्त आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### अजय चौटाला आज लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला 21 फरवरी को चौटाला हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक लेंगे। इस सिलसिले में जननायक जनता पार्टी के जिला कार्यालय प्रभारी हरिसिंह भारी ने बताया कि बैठक के दौरान अजय चौटाला पार्टी कार्यकर्ताओं को निकाय चुनावों को लेकर दिशा निर्देश देंगे। पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

## श्री श्याम मंदिर शिलान्यास समारोह

# श्रद्धालुओं ने निकाली निशान यात्रा, भक्तिमय हुआ शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्री श्याम मंदिर शिलान्यास समारोह के उपलक्ष्य में वीरवार को शहर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारम्भ श्रीकृष्ण गौशाला एक्सचेंज रोड समीप प्रस्तावित श्री श्याम मंदिर पावन स्थल से किया गया। मुख्य यजमान श्रीकृष्ण गौशाला के संरक्षक रमेश गर्ग पप्पू, व्यापार मंडल के प्रधान रूप गर्ग, लायंस क्लब रतिया टाउन के प्रधान विजय सोनू जिंदल, प्रमुख समाजसेवी संजय मोदी, डॉ. नरेश गोयल व तिरुपति कॉलेज के एमडी सौरभ गोयल ने हरी झण्डी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।

### भजनों पर झूमे

यात्रा के दौरान हाथों में लाल व पीले रंग की ध्वजा लिए हजारों की संख्या में श्याम प्रेमियों का निशान यात्रा समूह प्रस्तावित श्री श्याम मंदिर पावन स्थल से शुरू होकर बैंड बाजे की धुन पर 'हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा, जग में सुंदर है दो नाम चाहे कृष्ण कहो या श्याम, जय-जय श्रीकृष्ण,जय-जय श्री श्याम' के नारे लगाते हुए शहरभर में घूमे। यह यात्रा मार्केट कमेटी, अनाज मंडी, मण्डी रोड, भगत सिंह चौक, मेन बाजार, श्याम चौक, पुराना बाजार, पुराना डाकखाना वाली गली, शीतला मंदिर, खटीक मोहल्ला, पीएनबी वाली गली, टोहाना रोड, गुरुद्वारा वाली गली, राम पार्क, महाराजा अग्रसेन चौक, मॉडल टाउन से होते हुए सांय 5 बजे प्रस्तावित श्री श्याम मंदिर पावन स्थल पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शहर की विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा कर निशान यात्रा का भव्य स्वागत किया और श्याम भक्तों को जलपान व प्रसाद वितरित किया। निशान यात्रा में श्रद्धालु भजन कीर्तन एवं बैंड-बाजे की धुनों पर झुमते नाचते चल रहे थे व रंग गुलाल खेल कर खुशी बना रहे थे। निशान यात्रा को लेकर शहर को रंग बिरंगी लडियों व स्वागत द्वारों से सजाया गया था। हाथों में लाल व पीले रंग की ध्वजा लिए श्याम भक्त लंबी व कतारबद्ध पंक्तियों में फूलों से सुसज्जित रथ पर विराजमान बाबा श्याम के स्वरूप के आगे-आगे चल रहे थे। समस्त रतिया शहर इस निशान यात्रा की भव्यता में लीन होकर श्रीश्याममय हो गया व भक्ति रस में डूब गया। आज रतिया में खाटू धाम जैसा नजारा देखने को मिला।





रतिया। शहर में भव्य निशान यात्रा निकालते श्याम भक्त।

#### आभार जताया

ट्रस्ट प्रधान राजकुमार सिंगला ने अभूतपूर्व सहयोग के लिए उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि 21 फरवरी शुक्रवार को श्री श्याम मंदिर में शिलान्यास समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9.15 भूमि पूजन के साथ शुरू होगा और रात्रि 8.15 बजे भव्य जागरण होगा।

# जीजा बाई सम्मान समारोह मनाया

- स्वामी विवेकानंद स्कूल में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

छत्रपति महाराज शिवाजी के जन्मदिवस पर स्वामी विवेकानंद स्कूल एवं डिफेंस अकादमी अरनियांवाली में वार्षिकोत्सव माता जीजा बाई सम्मान समारोह के रूप में मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्यअतिथि उत्तम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरसा ने शिरकत की। यह वार्षिकोत्सव छत्रपति शिवाजी महाराज की माता जीजा बाई की याद में मनाया गया, क्योंकि बचपन से लेकर कामयाब होने तक विद्यार्थी के जीवन में उनकी माता का बहुत ही अहम योगदान होता है। इस अवसर पर जिन विद्यार्थियों ने स्कूली खेलों में राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है या विद्यालय की ओर से आयोजित टैलेंट हंट परीक्षा, संस्कार वैली रिपोर्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया उन विद्यार्थियों और उनकी माताओं को मुख्यातिथि द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक निदेशक डॉ. रामकृष्ण खोथ, विद्यालय अध्यक्ष निहाल सिंह, विद्यालय प्राचार्य रोहताश जांगड़ा, रिटायर एसडीओ रामकुमार सुथार, समाजसेवी राजकुमार रोहिलीवाल, दलीप जांगड़ा प्राचार्य एसडी स्कूल व अन्य मौजूद रहे।



सिरसा। मुख्यअतिथि प्रतिभाशली बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### योगासना प्रतियोगिता के लिए ट्रायल आज

**फतेहाबाद।** अखिल भारतीय सेवा योगा प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 8 मार्च तक खेल कॉम्पलैक्स सेक्टर 42, चंडीगढ़ में होगा। यह प्रतियोगिता महिला व पुरूष दो वर्गों में आयोजित होगी। जिला खेल अधिकारी विष्णु दास ने बताया कि हरियाणा राज्य की ओर से भाग लेने वाले योगा पुरुष खिलाडियों के चयन हेतु ट्रायल सर छोटू राम स्टेडियम रोहतक में 21 फरवरी को योगा अधिकारी मनोज व हरमेश लेंगे। इसी तरह महिला खिलाडियों के ट्रायल सर छोटू राम स्टेडियम रोहतक में 21 फरवरी को अतिरिक्त निदेशक योगा मुख्यालय लक्ष्मीपंत द्वारा लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अपने अमुक विभाग/कार्यालय से प्रमाण पत्र लेकर आएंगे।

# सांसद की अध्यक्षता में 25 को होगी दिशा की बैठक

**फतेहाबाद।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 25 फरवरी को आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा करेंगी। इस महत्वपूर्ण बैठक की तैयारियों को लेकर वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त मनदीप कौर की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही सरकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग सुनिश्चित करें कि उनके कार्यों की अद्यतन जानकारी बैठक में प्रस्तुत की जाए। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी और पारदर्शी तरीके से किया जाए, ताकि लाभार्थियों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिशा बैठक से पहले सभी लंबित कार्यों की समीक्षा कर लें और आवश्यक सुधार करें, ताकि बैठक के दौरान सांसद को सही व सटीक जानकारी दी जा सके।

# ऑनलाइन पंजीकरण करवाएं मत्स्य पालक

**सिरसा।** मत्स्य विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए मत्स्य पालकों को ऑनलाइन पंजीकरण करवाना जरूरी है। जिला मत्स्य अधिकारी जगदीश चंद्र ने बताया कि सभी विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन नंबर लेना अनिवार्य है, रजिस्ट्रेशन होने पर सभी प्रकार के लाभ बैंक के माध्यम से मिलेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के तहत नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। सभी मत्स्य पालकों व मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के सदस्यों लाभान्वित मत्स्य पालकों का ऑनलाइन पंजीकरण होगा।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आधार नंबर, मोबाइल नंबर, बैंक खाता के संबंध में जानकारी देनी होगी। मत्स्य पालकों एवं इससे जुड़े लोगों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है इसके लिए उनके मोबाइल पर पंजीकरण के लिए ओटीपी आएगा जिसको सीएससी के साथ शेयर करना होगा। अगर किसी को ओटीपी के लिए शंका हो तो विभाग से दूरभाष/टेलीफोन संपर्क करके अपनी शंका दूर कर सकते हैं अथवा किसी भी प्रकार के परेशानी होने पर संपर्क कर सकते है।

# चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियों ने की रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जाखल नगरपालिका के 2 मार्च को होने वाले चुनावों को लेकर प्रशासन जोर-शोर से तैयारियों में जुटा है। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं नायब तहसीलदार रसविन्द्र सिंह व सचिव प्रवीन कुमार की मौजूदगी में वीरवार को नगर पालिका जाखल के आम चुनाव की मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाने के लिए नियुक्त की गई पोलिंग पार्टियों को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखल में पहली रिहर्सल का आयोजन किया गया, जिसमें पोलिंग पार्टियों को चुनाव प्रक्रिया की बारीकियां समझाई गई। मास्टर ट्रेनर विजय बंसल ने पोलिंग पार्टियों को उनके प्रत्येक कार्य और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पोलिंग पार्टियों द्वारा भरे जाने वाले सभी फॉर्म के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। रिहर्सल में पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीनों के संचालन के बारे में भी समझाया गया व उन्हें मौके पर ही हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी दी गईं। उन्होंने कहा कि पीओ हैंडबुक में वे सारी हिदायतें व नियम लिखे हैं जिनकी जानकारी चुनाव करवाने वाले अधिकारी को होनी जरूरी है। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को सुबह 8 से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। इससे पूर्व पोलिंग एजेंट्स की मौजूदगी में मॉक पोल करवाया जाएगा। उन्होंने हिदायत दी कि मोक पोल की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद ईवीएम मशीन को क्लीयर करना न भूलें। इसी प्रकार मतदान संपन्न होने के बाद मशीन को क्लोज करना भी जरूरी है।



फतेहाबाद। पहली रिहर्सल में पोलिंग पार्टियों को ईवीएम बारे जानकारी देते ट्रेनर।

#### जानकारी दी

एबीपीओ संदीप जांगड़ा ने पोलिंग पार्टियों को बताया कि निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव करवाने में पोलिंग पार्टी की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। इसलिए वे मतदान से जुड़ी पूरी प्रक्रिया को अच्छी प्रकार से समझें और सभी नियमों की पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या आती है तो उसे अपने स्तर पर हल करें, यदि समाधान नहीं होता तो उच्च अधिकारियों को संपर्क करें। इस मौके पर, उप अधीक्षक मुकेश कुमार, सहायक राजेश कुमार, कुलदीप सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### फतेहाबाद में दुकान से 1 लाख 40 हजार की नकदी चोरी, केस

**फतेहाबाद।** चोरों ने सिरसा रोड पर नई अनाज मण्डी के सामने स्थित एक दुकान से 1 लाख 40 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अकांवाली निवासी राजकुमार ने कहा है कि उसकी सिरसा रोड पर दौलतपुर मोड के सामने नई अनाज मण्डी के सामने दुकान है। वह दुकान पर नरमा-कपास की चुंघेडिया खरीद-बेच का काम करता है। गत दिवस उसने दुकान के गल्ले में 40 हजार रुपये रखे थे। उसके बाद प्रवीन निवासी पुरानी अनाज मण्डी फतेहाबाद से 1 लाख रुपये लेकर आया और इसे भी दुकान के गल्ले में रख दिया।

# ग्रंथों में ज्ञान का भंडार : दिव्यानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री गीता भवन मॉडल टाऊन में शिवरात्रि एवं महाप्रभु प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्री शिव पुराण कथा में गुरूदेव डॉ.स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि केवल सुनना नहीं, भली प्रकार से सुनना होता है, मननपूर्वक चिंतन करना होता है। सुनने की प्रीति पूर्वक जिज्ञासा होनी चाहिए। इसे तो ज्ञान यज्ञ कहा गया है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढियां हमारा जीवन और आचरण पढ़ रही हैं। केवल हमारी धार्मिक क्रियाएं नहीं। कभी-कभी ऐसा लगता है कि हम ग्रंथ पढ़ते सुनते अवश्य हैं किंतु आधी-अधूरी और वह भी अपने को अच्छी लगने वाले बातें सुन लेते हैं। जैसे हाथी को नहाना अच्छा लगता है, किंतु उसे नहाने का उद्देश्य पता नहीं होता। यदि होता तो अपने ऊपर मिट्टी न डालता। हमें भी पता होना चाहिए कि हमारे तीर्थ स्नान और यज्ञादि उद्देश्य है मन की शुद्धि तो तीर्थ-व्रत-यज्ञादि करने के बाद मनबुद्धि को पुनः अशुद्ध क्यों कर लेते हैं। ऐसा करके पूर्व में किए अच्छे कर्मों को व्यर्थ क्यों कर देते हैं। इन ग्रंथों के ज्ञान का जो हमें प्रभु कृपा से विरासत में ही मिल गए हैं, भरपूर लाभ लेना चाहिए। आज इस अवसर पर प्रथम डॉ.यजुर बतरा व विनायक चौधरी द्वारा शिव जी का जलाभिषेक हुआ। विजय मेहता, नागेंद्र चौधरी, विजय बिश्नोई, राजीव बतरा व अन्य मौजूद रहे।



फतेहाबाद। श्रीगीता मंदिर में पूजा अर्चना करवाते स्वामी दिव्यानंद महाराज।

### कुपोषण मुक्त पंचायत को लेकर हुई बैठक

**फतेहाबाद।** जिला प्रशासन द्वारा कुपोषण मुक्त पंचायत अभियान व सुपोषित ग्राम पंचायत को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए उपायुक्त मनदीप कौर की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए और इस अभियान को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरजीता कुमारी ने बच्चों और महिलाओं में जिला में एनीमिया की स्थिति और बच्चे के पहले एक हजार दिन के महत्व के बारे में बताया।

# डिस्प्ले बोर्ड प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसण्ट स्कूल में हाउसवाइज शानदार डिस्प्ले बोर्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता एवं ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में उनकी कलात्मकता एवं बौद्धिक क्षमताओं का विकास करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने निर्धारित विषयों पर आकर्षक डिस्प्ले बोर्ड तैयार किए। सरदार वल्लभ भाई पटेल सदन की छात्रा कंगना ने ई-शिक्षा विषय के माध्यम से इंटरनेट व अन्य संचार उपकरणों की सहायता से प्राप्त की जाने वाली शिक्षा से अवगत कराया। सुभाषचंद्र बोस सदन की छात्रा उशमीत ने विकसित भारत विषय के माध्यम से भारत के आर्थिक, सामाजिक एवं तकनीकी विकास का वर्णन किया। स्वामी विवेकानंद सदन की छात्राओं कुमुद व अक्षिता ने महाकुंभ विषय के माध्यम से भारतीय संस्कृति की अदम्य शक्ति का वर्णन किया। रवीन्द्रनाथ टैगोर सदन की छात्राओं यशवी व महक ने भारतीय संविधान विषय के माध्यम से संविधान में वर्णित नागरिकों के अधिकारों व कत्तर्व्यों से अवगत कराया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के आधार पर निर्णायक मंडल ने विद्यार्थियों के कार्यों का मूल्यांकन सृजनात्मकता जानकारी दी गई।



फतेहाबाद। क्रेसण्ट स्कूल में डिस्प्ले बोर्ड प्रतियोगिता की विजेता टीम को बधाई देती प्रधानाचार्या। फोटो : हरिभूमि

# विद्यार्थियों ने खारा खेड़ी में किया श्रमदान

- स्वच्छता अभियान के तहत जवाहर नवोदय स्कूल के छात्रों ने अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खारा खेड़ी के विद्यार्थियों ने सामुदायिक श्रमदान श्रृंखला के अंतर्गत गांव खारा खेड़ी के पंचायत भवन, ग्राम सचिवालय, विश्वकर्मा मंदिर, कृष्ण प्रणामी गौशाला, राजकीय उच्च विद्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय के कक्षा 11वीं के 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने गौशाला परिसर में श्रमदान करते हुए वहां गौवंश से जुड़ी विभिन्न जानकारियां, सरकारी योजनाएं और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां गौशाला प्रबंधकों से प्राप्त की।

इससे पहले विद्यालय में प्रातकालीन सत्र में योग अभ्यास सत्र में योग शिक्षिका अंजू द्वारा विद्यार्थियों को योगाभ्यास सत्र में योग, ध्यानावस्था, प्राणायाम आदि क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। विज्ञान शिक्षक संदीप शर्मा ने विश्व बाल कैंसर दिवस के आयोजन, उपयोगिता व इससे जुड़ी विभिन्न जानकारियां स्वयंसेवकों के साथ साझा की। वहीं दूसरी ओर सायंकाल सत्र में प्राचार्य अनूप सिंह ने स्वयंसेवकों को इस शिविर की महत्ता को बनाए रखने, समाज के श्रेष्ठ नागरिक बनने के लिए भूमिका निभाने का आह्वान किया।



फतेहाबाद। गांव खारा खेड़ी के विभिन्न स्थानों पर श्रमदान करते जेएनवी के विद्यार्थी।

**प्रतिभा** | 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में पाया तीसरा स्थान

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एमएम कॉलेज फतेहाबाद के अनमोल ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में एमएम कॉलेज, फतेहाबाद ने एक बार फिर अपने शैक्षणिक और वाद-विवाद कौशल का प्रदर्शन किया। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा में आयोजित इस प्रतियोगिता में पूरे हरियाणा से विद्यार्थियों ने भाग लिया। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एमएम कॉलेज के सिमरन व अनमोल ने भाग लिया और बेबाकी से अपने विचार रखे। कॉलेज विद्यार्थी अनमोल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। एमएम कॉलेज इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्दपाल सिद्धू ने बताया कि सीडीएलयू सिरसा के पॉलटिकल साइंस डिपार्टमेंट द्वारा इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में अनेक कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया और 'वन नेशन, वन इलेक्शन' विषय पर अपने विचार रखे। अनमोल द्वारा वन नेशन-वन इलेक्शन विषय पर रखे विचारों से निर्णायक मंडल काफी प्रभावित नजर आया। अनमोल की तार्किक क्षमता और उत्कृष्ट भाषण कला ने उन्हें इस प्रतियोगिता में प्रतिष्ठित स्थान दिलाया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मिली इस उपलब्धि पर एमएम एजुकेशन सोसायटी के पदाधिकारियों, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास, इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्रपाल सिद्धू, कोर्डिनेटर डॉ. विरेन्द्र सिंह, राजनीति शास्त्र विभाग से प्रो. सुशील कुमार, प्रो. गुरप्रीत सिंह, प्रो. ममता रानी व डॉ. विकेश सेठी ने विजेता छात्रा अनमोल को बधाई दी और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज के छात्र अनमोल को बधाई देते प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास व स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि